समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सौरव गांगुली की बायोपिक मे लीड रोल निभाएगा ये एक्टर, हो गया कंफर्म।

Publisher Published on 25 Jun 2025



## राजकुमार राव निभाएंगे 'क्रिकेट के दादा' सौरव गांगुली का किरदार, 2026 मे रिलीज होगी बायोपिक।

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व कप्तान **सौरव गांगुली** की जिंदगी अब **सिल्वर स्क्रीन** पर नजर आएगी। लंबे समय से चर्चाओं में रही **सौरव गांगुली की बायोपिक** को लेकर अब बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के लिए **लीड एक्टर** के रूप में **बॉलीवुड के टैलेटेंड अभिनेता राजकुमार राव** को फाइनल कर दिया गया है।

### राजकुमार राव ने की पुष्टि

राजकुमार राव ने एक इंटरव्यू के दौरान इस बात की पुष्टि की कि वह **सौरव गांगुली की बायोपिक मे लीड रोल निभाने** जा रहे हैं। दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, "मैं नर्वस हूं, क्योंकि यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन साथ ही काफी उत्साहित भी हूं। मैं बंगाली लहजे पर भी काम कर रहा हूं ताकि किरदार को बखूबी निभा सकूं।"

### सौरव गांगुली का रिएक्शन

सौरव गांगुली ने भी इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि "राजकुमार राव को इस फिल्म के लिए फाइनल कर दिया गया है। मुझे नहीं लगता कि कोई और एक्टर मेरे किरदार को उनसे बेहतर निभा सकता है। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि उनकी मदद कर सकूं।"

### फिल्म की शूटिंग और रिलीज डेट

फिल्म की शूटिंग **जनवरी 2026** में शुरू हो सकती है और यह **दिसंबर 2026** तक सिनेमाघरों में रिलीज की जा सकती है। फिल्म की कहानी **गांगुली के क्रिकेट करियर, कप्तानी**, और **BCCI अध्यक्ष** बनने तक के सफर को दिखाएगी।

**फिल्म को लेकर बढ़ी दर्शकों की उत्सुकता**

**सौरव गांगुली** को भारतीय क्रिकेट का '**दादा**' कहा जाता है। उन्होंने भारतीय टीम को विदेशों में जीतना सिखाया और कई युवा खिलाड़ियों को मौका दिया। ऐसे में उनकी जिंदगी पर बनी फिल्म को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्सुकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.